आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 24.01.2025 समय: 2.10 PM

राष्ट्रीय बालिका दिवस

आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर समाज का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इसका उद्देश्य प्रत्येक बालिका के सम्मान और उन्हें आगे बढ़ने, पढ़ने के समान अधिकार उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करना भी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 का विषय है-उज्जवल भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण।

प्रधानमंत्री-बालिका दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने बालिकाओं को सशक्त बनाने में योगदान देने वाले क्षेत्रों जैसे शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कौशल, स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि बालिकाओं के साथ कोई भेदभाव न हो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि बेटियां परिवार, समाज एवं देश की समृद्धि का मुख्य आधार हैं, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य व आत्मनिर्भरता में सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। बेटियां सशक्त होंगी तो समाज और देश तीव्र गति के साथ प्रगति करेंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

प्रदेश के सभी सरकारी दफ्तरों में आज 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी । पूर्व में यह शपथ 25 जनवरी को होना था , किंतु इस दिन शनिवार को शासकीय अवकाश होने से यह परिवर्तित की गयी हैं। विदिशा में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने शपथ का वाचन किया.

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

गणतंत्र दिवस आमंत्रण

शिवपुरी जिले में पीएम-जनमन योजना के तहत जिन हितग्राहियों का सबसे पहले आवास बना उन हितग्राहियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 26 जनवरी की परेड कार्यक्रम देखने के लिए दिल्ली आमंत्रित किया गया है। शिवपुरी जिले के कलोथरा गांव के रहने वाले भागचंद आदिवासी और रामश्री आदिवासी दिल्ली रवाना हुए।

मौसम

प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में दिन के तापमान में उछाल आया है। दक्षिण-पूर्वी हवाओं के रूख बदलने से ठंड कम हो गई है। गुरुवार को जबलपुर, खरगोन-खंडवा समेत 7 शहर ऐसे रहे, जहां दिन का तापमान 30-31 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। वहीं, रात में पारा 16 डिग्री रहा। हालांकि, कल से मौसम फिर बदल सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 25 जनवरी से तेज ठंड का एक और दौर शुरू होगा, जो पूरे सप्ताह रहेगा।

समाचार संक्षेप में...

1. राजधानी भोपाल में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय □ग से मनाया जाएगा। इसकी फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में की गई।

2. आगरमालवा स्थित केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा एवं पराक्रम दिवस के अवसर पर कल हुए जिलास्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में आठ विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता की। और

3. सतना में कलेक्टर ने स्कूल बसों में बच्चों के सुरक्षित आवागमन के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।